हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 नवीन पाठ्यपुस्तकें और 21वीं सदी के कौशल ...



12 संविधान निर्माण में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण ...





## खबर संक्षेप

### कैमरा बेचने के नाम पर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने ओएलएक्स से ऑनलाइन कैमरे बेचने के नाम पर एक युवती से दो लाख रुपए ठगी करने के आरोप में बिहार से दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ठगी करने के आरोप में पुलिस ने बिहार समस्तीपुर निवासी धीरज कुमार महतो तथा सुबोध सिंह को धर-दबोचा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की कॉल डिटेल तथा बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाकर गिरफ्तार किया है।

### गोदाम का शटर काटकर चोरी, आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने गोदाम का शटर काटकर 95 हजार रुपए कीमत के जीआई मोबिल 2950 नग एवं जीआई ज्वाइंट बाक्स 60 नग चोरी करने के आरोप में जैन मरकाम उर्फ बजरंगी, मन्नू सोनवानी, शेरा नागरची, शिवा नागरची, ओमप्रकाश उर्फ कृष्णा भारती, गोपी नेताम को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने 10 अप्रैल को रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित केवी इंटरप्राईजेस के गोदाम में चोरी की थी। मन्नू सोनवानी आर्म्स एक्ट एवं ओमप्रकाश भारती पूर्व में लूट एवं आबकारी एक्ट के प्रकरण में जेल जा चुके हैं।

### सूने मकान में धावा चार लाख की चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने नकदी तथा जेवरों समेत 4 लाख से अधिक के सामान पर हाथ साफ दिया। अजय ठाकुर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजय ने पुलिस को बताया कि 10 अप्रैल की रात वह अपनी फल दुकान पर था, जबकि उसकी मां घर पर मौजूद थीं और पत्नी पड़ोसी के यहां शादी समारोह में गई हुई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर आलमारी का ताला तोड़ दिया। अगले दिन जब परिजनों ने आलमारी देखी तो सामान बिखरा मिला और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे।

### चंपारण में अवैध रूप से चल रहा था बाल आश्रम

**रायपुर।** रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चंपारण में एनजीओ से जुड़े कुछ लोग अवैध रूप से बाल आश्रम चला रहे थे। इसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने इस आश्रम में दबिश दी। इस दौरान आश्रम से 14 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। सभी बच्चों को रेस्क्यू करने के बाद बाल केंद्र में रखा गया है। इधर जांच टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि आश्रम अवैध रूप से चलाया जा रहा था। फिलहाल बच्चों को रेस्क्यू किया है, जांच अभी जारी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार निराला ने बताया कि चंपारण में बने धर्मशाला भवन पंचकोषी धाम में यह बाल आश्रम चलाया जा रहा था। इस आश्रम को एनजीओ से जुड़ी एक महिला अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चला रही थी।

### उच्च शिक्षा-स्कूल शिक्षा में उलझे बीएड पाठ्यक्रम

**रायपुर ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रमों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति निर्मित हो गई है। नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा इन पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है, लेकिन स्टेट बॉडी से अनुमति नहीं मिलने के कारण महाविद्यालय प्रबंधन परेशान है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए 18 महाविद्यालयों ने आवेदन दिया था। शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए महाविद्यालयों को एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन सहित राज्य के विवि और संबंधित विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है।

---

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस ने किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

# डॉ. अंबेडकर ने संविधान में देश को सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की नींव प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय एवं समानता के महान प्रतीक भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेसजन स्थानीय अंबेडकर चौक, कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए। यहां डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की सुदृढ़ नींव प्रदान की। वर्तमान समय में उनके विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं, जब समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा तथा संवैधानिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान की रक्षा, सामाजिक समरसता और सभी वर्गों के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यदु, शहर कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 10 पर







### डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, साहस और शिक्षा का है अद्वितीय उदाहरण

भाटापारा। हम संविधान के शिल्पकार, समाज सुधारक और न्याय के प्रतीक की जयंती के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, साहस और शिक्षा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने न केवल सामाजिक भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई, बल्कि एक ऐसे भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जहाँ हर नागरिक को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो। उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने अंबेडकर चौक पर बाबा अंबेडकर को माल्यार्पण करने के पश्चात उपस्थित जन समूह और कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कही। विधायक इंद्र साव ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहेब का जीवन अनंत प्रेरणा से परिपूर्ण है, जो युगों तक मानव जाति को एकता, समानता और शसक्तीकरण के लिए प्रेरित करता रहेगा। बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो यही संदेश ▶▶ शेष पेज 10 पर

## अंबेडकर जयंती पर भाजपा का श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**बलौदाबाजार।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भाजपा ने अंबेडकर चौक में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं संविधान के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की। उनके विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष खोड़स राम वर्मा, जिला महिला मोर्चा की सुनीता वर्मा, शहर अध्यक्ष राकेश ध्रुव, टेसू लाल धुरंधर, जिला अध्यक्ष चरण दास, नरेश केशरवाणी, पुरुषोत्तम सोनी, जिला मीडिया प्रभारी आलोक अग्रवाल, शांति लाल, नीलम सोनी, रितेश श्रीवास्तव, हितेश रात्रे, मदन वर्मा, सरिता मार्के, वेदांत रजक, योगेश वर्मा, मणिकांत मिश्रा, पार्षद अमितेश नेताम, सतीश पटेल, पार्षद कन्हैया सेन, शशि शुक्ला, वरिष्ठ नेता कन्हैया सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## नपा की कार्रवाई पर सवाल गरीबों के ठेले हटाए रसूखदारों के कब्जों पर चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- नजूल भूमि पर कब्जा जमाए रसूखदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश
- नगर पालिका की कार्रवाई पर उठे सवाल

नगर में इन दिनों नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने के आरोप तेज हो गए हैं। एक ओर जहां शहर के मुख्य मार्ग, गौरवपथ सहित विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे ठेला-गुमटी लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले गरीबों को हटाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नजूल भूमि पर कब्जा जमाए रसूखदारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर के कई प्रमुख स्थानों पर प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा नजूल भूमि पर स्थायी अतिक्रमण कर लिया गया है। हालत यह है कि कुछ जगहों पर सड़क तक की जमीन घेर ली गई है, जिससे विद्युत खंभों को भी सड़क के बीचों-बीच लगाने की स्थिति निर्मित हो रही है। इस कारण यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

वहीं, नगर पालिका द्वारा हाल ही में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में सड़क किनारे छोटे-छोटे ठेले और गुमटी हटाए जा रहे हैं, जिससे गरीब तबके के लोगों की रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ रहा है। आरोप है कि यह कार्रवाई केवल कमजोर वर्ग तक ही सीमित है, जबकि रसूखदार कब्जाधारियों पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा।

इस मामले को लेकर आम जनता के बीच नाराजगी स्पष्ट रूप से देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, तो उसे बिना भेदभाव सभी पर समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।

अब बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि क्या नगर पालिका प्रशासन रसूखदारों के अवैध कब्जों पर भी ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सड़क पार कर रहे भैसा का वाहन ने मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र में भैंसा गांव के पास के पास नेशनल हाईवे-रायपुर बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर सोमवार तड़के एक भैंस सड़क हादसे में घायल हो गई। जानकारी के अनुसार भैंसा बस स्टैंड से निकलकर सड़क पार कर रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने बताया की दुर्घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच हुई। टक्कर के बाद घायल भैंस घसीटते हुए रोड किनारे बैठा रहा। सूचना मिलते ही डा. विष्णु साहू की टीम मौके पर पहुंची और घायल भैंस का इलाज किया। काफी समय तक सोशल मीडिया के माध्यम से मालिक को खोजने का प्रयास किया गया, मालिक का पता नहीं चलने पर खरोरा की श्री हरि गौ सेवक रेस्क्यू टीम ने आकर घायल को अपने साथ इलाज के लिए लेकर गया। उपरोक्त कार्य में स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।





## राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, दमकल कर्मियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहर के गार्डन चौक में दमकल विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ष 1944 में पोरबंदर में अग्निकांड के दौरान शहीद हुए अग्निशमन जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा दमकल कर्मियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दमकल विभाग की टीम ने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर आम नागरिकों को जागरूक किया। उपस्थित लोगों को घरेलू उपयोग के दौरान आग से बचाव के तरीके बताए गए, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। दमकल विभाग के जवान जितेन्द्र बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1944 में पोरबंदर में एक जहाज में भीषण आग लग गई थी, जिसे ▶▶ शेष पेज 10 पर





## 'मंत्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा-नेवरा में हो रहा तेजी से विकास'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। मंत्री टंकराम वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। विकास कार्यों की सराहना करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा की एक समय था, जब विकास के लिए तरसते थे, लेकिन मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा गांव-गांव में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा तिल्दा क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय एवं जनहितकारी हैं। इन कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है और आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।उन्होंने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे और क्षेत्र प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

जानकारी के मुताबिक तिल्दा क्षेत्र में प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य तेजी से पूर्ण किए गए हैं। इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम हो गया है। वहीं पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नल-जल योजनाओं का विस्तार किया गया है, जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के उन्नयन और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं का विस्तार किया गया है।

---

### कोतवाली पुलिस ने संदिग्ध महिलाओं की तलाशी ली, जांच जारी

# बस में महिला से चेन स्नैचिंग, वाहन लेकर थाना पहुंचा ड्राइवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाटापारा से बलौदाबाजार आ रही एक यात्री बस में महिला के साथ चैन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राधेश्याम बस सर्विस की बस से यात्रा कर रही महिला यात्री टाकेश्वरी साहू अपने मायके ग्राम रवान आ रही थी। जैसे ही वह रवान में उतरने लगी, उसे अहसास हुआ कि उसके गले से सोने का लॉकेट गायब हो चुका है। घटना की जानकारी मिलते ही उसने तत्काल बस के परिचालक दीपक सिंह ठाकुर को इसकी सूचना दी।

परिचालक ने तत्परता दिखाते हुए बस को सीधे कोतवाली थाना लाकर खड़ा किया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने बस में सवार सभी यात्रियों की जांच कर उनके नाम-पते दर्ज किए। साथ ही कुछ संदिग्ध महिलाओं को चिन्हित कर उनसे पूछताछ की जा रही है।




पीड़िता टाकेश्वरी साहू ने बताया कि वह भाटापारा से बस में सवार हुई थी और यात्रा के दौरान उसे किसी भी प्रकार की आशंका नहीं हुई। उतरते समय ही उसे लॉकेट गायब होने का पता चला, जिसके बाद उसने शिकायत दर्ज कराई।

वहीं परिचालक दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि इस प्रकार की घटना बस में पहली बार हुई है। महिला द्वारा जानकारी देने के तुरंत बाद उन्होंने बस को थाना पहुंचाकर पुलिस की सहायता ली। थाना प्रभारी लखेश केंवट ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। बस में मौजूद संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ जारी है तथा जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि जिले में संचालित अधिकांश बसों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, जिससे इस प्रकार की घटनाओं की जांच में कठिनाई होती है। यदि बसों में कैमरे लगे होते, तो आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जा सकता था।

## भ्रष्टाचार का कांग्रेस ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साड़ी वितरण में गड़बड़ी और कमीशन खोरी के आरोप का मामला सामने आया। एक मंत्री पर 12 करोड़ की साड़ी सप्लाई में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी के आरोप लगे हैं। जिसके विरोध में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद फूलोदेवी नेताम के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष गौरी भृगु महिला कांग्रेस बलौदा बाजार भाटापारा के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। महिला ब्लॉक अध्यक्ष बिमलेश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अजीत, बाजपेयी , सुनील शर्मा, सत्यजीत सेंडे, मोहन निषाद, मनमोहन, मुकेश साहू, गिरीराज चावड़ा, महिला कांग्रेस और कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### खालसा सीरजना दिवस पर झलप गुरुद्वारे में हुए विविध कार्यक्रम

**झलप।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा झलप के वैशाखी पर खालसा सीरजना दिवस पर सुबह 4:30 बजे गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के साथ शुरू हुआ। नितनेम के पाठ, सुखमणि साहिब के पाठ, संपूर्ण आशा दीवार, गुरुबाणी के शबद किरतन, निशान साहिब के चोले बदलने के साथ सुबह के दीवान की समाप्ति हुई। रात के दीवान में बच्चों द्वारा कथा और गुरबाणी विचारों द्वारा खालसा सीरजना दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया गया। महिला समूह ने रागमयी गुरबाणी किरतन किया गया। समाप्ति उपरांत भव्य आतिशबाजी भी की गई। दीवान की समाप्ति के बाद सुबह और रात के दीवान में गुरु के लंगर की सेवा की गई।

### सोहम हास्पिटल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 12 अप्रैल रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक मरीजों का डॉक्टर सोमी चंद्राकर एवं डॉक्टर युगल चंद्राकर एवं डॉ सीपी पटेल, 20 निः शुल्क सोनोग्राफी किया गया है। 50 से अधिक मरीजों को मार्गदर्शन दिए। टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें अन्य रोगों के मरीज जैसे जोड़ो के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन, गैस, चमड़ी के रोग साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। उल्लेखनीय है कि सोहम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में समय समय पर इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### रामकथा कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम गाड़घाट में तीन दिवसीय राम कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके तुषार ने कहा कि रामायण में भरत और शत्रुघ्न त्याग, समर्पण और भाई के प्रति निस्वार्थ प्रेम के प्रतीक हैं। भरत ने राम के प्रतिनिधि के रूप में नंदीग्राम में तपस्वी जीवन जीकर 14 वर्ष शासन संभाला, जबकि शत्रुघ्न ने भरत की सेवा और अयोध्या की सुरक्षा में अपना जीवन समर्पित किया। भरत और शत्रुघ्न का चरित्र भाई के लिए सर्वोच्च बलिदान का पाठ पढ़ाता है, जहाँ उन्होंने भोग के स्थान पर त्याग को चुना।

### महाविद्यालय में महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर पूजन का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में 13 अप्रैल 2025 को करुणा दुबे प्राचार्य, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी समिति, राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष, सहसचिव मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार राजा, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य देवीचंद राठी, संजय एक्का, प्रभा पंडा, विवेक रहाटगांवकर, डॉ रीता पांडेय संयोजक एवं डॉ मालती तिवारी सहसंयोजक के संयोजन में अलुमनी समिति द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि महाप्रभु वल्लभाचार्य कृष्ण के उपासक थे। महाविद्यालय में महाप्रभु वल्लभाचार्य स्थापित है जो महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अमृत चोपड़ा ने कहा कि महाविद्यालय का नामकरण महाप्रभु वल्लभाचार्य के नाम से है इसलिए महाविद्यालय के लिए यह गौरव का दिन है कि महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती में महाविद्यालय में स्थापित मूर्ति का पूजन आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर अलुमनी पदाधिकारीगण द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य की मूर्ति का विधिवत पूजन किया गया, माल्यार्पण किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ नीलम अग्रवाल, दिलीप बढ़ई, डॉ. अजय कुमार देवांगन, डॉ. कलम रेखा रेणुका, ममता, किरण, कल्याणी, टीकम समेत अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**जन्मोत्सव : खीर पूरी का वितरण किया गया**

# बाबा साहब की जयंती में पर निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा





डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर नगर पंचायत लवन में वार्ड नं 15 खम्हरिया से डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर पंचायत लवन के पास अम्बेडकर चौक, नवीन तहसील चौक होते हुए पूरे नगर का भ्रमण करते हुए सांस्कृतिक भवन लवन में सभा में तब्दील हुई। सभा में बाबा साहब आम्बेडकर के तैल चित्र में पुष्प अर्पित, केक काट कर जन्मोत्सव मनाया गया।

भीम आर्मी के प्रदेश प्रभारी मनोज बंजारे, उनके साथ आए हुए अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को अनिल कोसरिया, दिलचंद जांगडे, अमृत कुर्रे, येशु दास निराला, जगदीश निराला, योगेंद्र सोनवानी, धर्मेन्द्र अनंत ने सभा को संबोधित किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर का जीवन कठिन परिस्थितियों में गुजरा, इसके बावजूद उन्होंने शिक्षा हासिल कर देश को संविधान दिया। उनके द्वारा कहे गए शब्द शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पिएगा वो दहाड़ेगा को उद्घृत किया गया। कार्यक्रम में जगदीश निराला द्वारा गीत के माध्यम से बाबा साहब द्वारा किए गए कार्यों का प्रस्तुति दी। वहीं खमहरिया में खीर पूरी का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को लवन पुलिस का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ पूरे भ्रमण के दौरान पुलिस बल तैनात रहे। इस दौरान हिंछा अनंत, रामायण अनंत, उदे टंडन, कार्तिक राम बघेल, रामायण मनहरे, शंभू निराला, भरत मनहरे, गोरे लाल अनंत, अनिल कोसरिया, अमृत लाल कुर्रे, विनोद अनंत, प्रकाश बार्वे, जगजीवन नारंगे, सुरेन्द्र कुमार बघेल, रघुनाथ, परदेशी निराला, राहुल अनंत, इसाहक बार्वे, ताराचंद कठोत्रे, मोतीलाल चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, राहुल बंदे, संजय बंदे, महिलाएं एवं बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाया डॉ. अंबेडकर ने



**पलारी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर थाना परिसर में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, सभापति नेम सिंह बांधे लेखु वर्मा, कुमार धीवर, हर्षू वर्मा ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी हमें समानता और न्याय की राह दिखाते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से देश को मजबूत आधार प्रदान किया। उनके सिद्धांतों को अपनाकर हम एक समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। सभापति नेमसिंह बांधे ने कहा कि बाबा साहब का योगदान देश के लिए अमूल्य है। उनके आदर्शों को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उक्त अवसर पर घनश्याम धीरहे, पुनीत निषाद, शेरखान, रशीद मोहम्मद, ललित गायकवाड़ रसूल बेग आदि उपस्थित थे।

### युवा मोर्चा ने मनाई बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती



**संडी बंगला।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर नगर पंचायत समोदा के कागदेही में युवा मोर्चा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के सभी ऊर्जावान साथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए सादर नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन और दर्शन समाज में समानता, न्याय और सम्मान की स्थापना का संदेश देता है। उन्होंने सभी को बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और एक समावेशी एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोविंद वर्मा (अध्यक्ष भाजयुमो), संदीप सिंहा, महामंत्री दीपक वर्मा, चंदन माण्डले, गिरधर साहू, गोविंद डहरिया, भूपेश ढीढी, गजाधर वर्मा, युवराज चौहान, भेखराज साहू, घना साहू, कान्हा साहू सहित युवा मोर्चा के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष अग्रवाल



**खरोरा।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भरुवाडीह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नवीन अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की मिसाल है। उन्होंने कहा कि आज देश और समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक विकास और अधिकार सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैं। समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर नवीन अग्रवाल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर, अनिल सोनी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खरोरा, घनश्याम चंद्राकर छगन यादव, प्यारी निषाद, चित्ररेखा बंजारे, भगत राम निषाद, हीरा सिंह वर्मा, नारायण साहू, दुर्गा वर्मा समस्त पंचगण समस्त मितानीन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही बाबा साहेब के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## अंबेडकर जयंती पर रिसदा में हुआ संविधान के उद्देश्यों का सामूहिक वाचन





**रिसदा।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत रिसदा में डॉ. भीमराव अंबेडकर 135वीं जयंती गरिमा पूर्ण माहौल में केक काटकर मनायी गई। सर्वप्रथम स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा बाबा साहब द्वारा रचित संविधान के उद्देश्यों का सामूहिक रूप से वाचन कर संकल्प लिया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर मुख्य रूप से ग्राम रिशता के सरपंच गणेशाराम साहू, जनपद सदस्य सविता अजय घृतलहरे, गंगेश सोनवानी, कांति ध्रुव, ध्रुव, दुलीचंद गेड्रे, बहादुर टंडन, राजकुमार बंजारे, जीतराम बंजारे, राकेश मंडले, मंगल बंजारे, बालिराम भारती, राजेंद्र घृतलहरे, गोपाल कुर्रे, सोहन चेलक, मंगल मंडले, जगमोहन घृतलहरे, अनिल खुटे, प्रेम भारद्वाज, राज जोशी, राकेश बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अछोला में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन, हुए विविध संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के मार्गदर्शन में ग्राम अछोला में 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका समापन विधिवत पूर्णाहुति के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 9 कुण्डीय यज्ञ का शुभारंभ किया गया, जिसमें लगभग 500 श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं। चार दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के दौरान विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए गए, जिनमें 10 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार, 13 बच्चों का मुंडन संस्कार, 2 यज्ञोपवीत संस्कार, 4 पुंसवन संस्कार एवं 22 मंत्र दीक्षा संस्कार प्रमुख रहे।

तृतीय दिवस सायं 4 बजे प्रज्ञा पुराण कथा के अंतर्गत परिवार खंड विषय पर विचार व्यक्त करते हुए शांतिकुंज प्रतिनिधि परमेश्वर साहू ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत अनमोल है और इसे सार्थक बनाने के लिए सदाचार एवं उच्च चरित्र का पालन आवश्यक है। उन्होंने जीवन में गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि बिना गुरु के जीवन अधूरा एवं लक्ष्यहीन माना जाता है, अतः जीवन में गुरु का वरण करना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत 1001 दीपों से विराट दीप महायज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें 24 देवकन्याओं द्वारा थालियों में दीप सजाकर गायत्री माता की भव्य आरती उतारी गई। अगले दिन प्रातःकालीन यज्ञ में दीक्षा संस्कार का क्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें कुल 51 संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए गए। तत्पश्चात पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर बलौदाबाजार, आरंग, बिलाईगढ़, हिरमी, सुहेला, कसडोल, पलारी, दंतेवाड़ा सहित अछोली, लाफिन सरकेल, पटेवा, समोदा, तुमगांव, मुढ़ेना, बनरसी, कुटेला आदि दूरस्थ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के साथ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन, प्रमुख ट्रस्टीगण एवं महिला मंडल की सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम अछोला के विसौहा राम साहू, जगदीश साहू, किरण साहू, पूनम साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

## जीनियस हाइट्स स्कूल में ग्रेजुएशन डे की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



- नन्हें बच्चों का हुआ सम्मान, बेस्ट पालक भी पुरस्कृत

नगर के जीनियस हाइट्स स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025–26 का ग्रेजुएशन डे समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक मंच व्यवस्था एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। नन्हें विद्यार्थियों की खिलखिलाहट, अभिभावकों की प्रसन्नता और शिक्षकों के स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया, पश्चात नर्सरी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सत्र पूर्ण करने पर विधिवत प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

समारोह का मुख्य आकर्षण नर्सरी से कक्षा द्वितीय के टॉप-10 विद्यार्थियों का सम्मान रहा। मेधावी छात्रों को मंच पर आमंत्रित कर शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही शैक्षणिक एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया, विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में अनुशासन एवं नियमितता की भावना विकसित करने वर्ष भर उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। इस पहल ने न केवल सम्मानित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी नियमितता अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य भाग्यश्री चन्दन साहू ने विद्यार्थियों को पेन भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन मूल्यों, अनुशासन और संस्कारों के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

वाइस प्रिंसिपल राधा अग्रवाल, शिक्षिका मंजू यादव, यशोदा चंद्राकर, प्रीति मिश्रा, किरण वर्मा, कामनी मानिकपुरी सहित समस्त शिक्षिकागण उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान विद्यालय द्वारा उन अभिभावकों को भी बेस्ट पालक सम्मान से सम्मानित किया गया। जब नन्हें विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अपने प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्राप्त किए, तो उनके चेहरों पर झलकती खुशी, आत्मविश्वास और उपलब्धि का गर्व पूरे वातावरण को भावुक एवं प्रेरणादायक बना रहा था।

## सर्व आदिवासी समाज ने बैठक में लिए कई निर्णय





**सेल।** ग्राम सोनाखान सर्व आदिवासी समाज तहसील इकाई सोनाखान में बैठक रखी गई, जिसमें शहीद वीरनारायण सिंह के मठ पर पूजा अर्चना कर बैठक प्रारम्भ हुई। सभा में कुंजल सिंह दीवान ने शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन गाथा के संदर्भ में संक्षिप्त विवरण दिया। उन्होंने कहा रामसिंह नागवंशी ने शहीद वीर नारायण सिंह जन्म कर्मभूमि को आस्था का केंद्र बनाने की बात कही। कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र पालेश्वर ने आदिवासी समाज को संगठित करने तथा सशक्त समाज बनने का आह्वान किया। महिला समाज सेविका सुशीला नेताम ने आदिवासी समाज को एक जुट होकर अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। उक्त बैठक में भीखम ठाकुर, ललीत, सोम, गौरी, पुष्पा, ओमलता ठाकुर, हेमकुमार दीवान, किर्तन दीवान, कुबेर बरिहा, रोहित ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, तेजकुमार नेताम, फागुराम बरिहा, नैनसिह नेताम, सुरेश पालेश्वर, श्यामलाल पारधी, महेंद्र नेताम, बाबूलाल पोर्ते सहित सोनाखान बार देवरी परिक्षेत्र कई समाज प्रमुखों की उपस्थिति में बैठक तथा आगामी बैठक 10 मई को रखने का विचार किया जाएगा।

**ताराशिव में आचार्य ने सुनाई महाभारत व गीता ज्ञान की कथा**

# भागवत गीता भगवान के मुख से निकली वाणी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम ताराशिव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस भगवत गीता पर ज्ञान प्रकाशित करते हुए पं. पवन तिवारी ने कहा कि महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र में मोह से ग्रसित अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया। युद्ध के पहले श्रीकृष्ण ने इंद्रारस्थ जाकर शांति दुत बनकर कौरवों को समझाया। कम से कम पांडवों को पांच गांव दे दो, लेकिन दुर्योधन तैयार नहीं हुआ। महाभारत का युद्ध सदैव से चला आ रहा है। अधर्म के विरुद्ध धर्म का युद्ध अन्याय के विरुद्ध न्याय का युद्ध असत्य के विरुद्ध सत्य का युद्ध। यही महाभारत है। हस्तिनापुर नरेश धृतराष्ट्र महाभारत का युद्ध देखना चाहते थे। जब व्यास जी ने अपने शिष्य संजय को दिव्य दृष्टि प्रदान किया, संजय ने धृतराष्ट्र जी की युद्ध का आंखों देखा हाल सुनाया। अठारह हजार सेना युद्ध मैदान में जमा हुए। किंतु अर्जुन ने जब अपने स्वजन को देखा तो मोह के वशीभूत हो गए। तब श्रीकृष्ण ने गीता का ज्ञान सुनाया। तुम अगर इन्हें नहीं मारोगे तो यह तुम्हें मारेंगे। जो हुआ, अच्छा हुआ, जो हो रहा है, अच्छा हो रहा है। जो जो होगा, शरीर नश्वर है। आत्मा अमर है। शरीर का निर्माण माता-पिता द्वारा होता है। आत्मा का निर्माण परमात्मा द्वारा होता है। इसलिए शरीर को छोड़ दिया जाता है। चाहे आग में जलाओ या मिट्टी में दफनाओं। आत्मा को भगवान ले जाते हैं। आत्मा का स्वरूप ज्योति स्वरूप है। श्रीकृष्ण ने जब 18 योगों से भरा गीता का ज्ञान जब सुनाया, अपना विराट स्वरूप दिखाया, तब अर्जुन का मोह समाप्त हुआ। तब महाभारत का युद्ध हुआ। पांडव विजय हुए, हस्तिनापुर के राजा बने।

हम सबके जीवन में जब आज्ञा का पर्दा छा जाता है, तब हमारी आंखों में भी मोह का पर्दा आ जाता है। फिर हमें गीता का सहारा लेना चाहिए। भागवत गीता भगवान के मुख से निकली हुई वाणी है। गीता, भगवान श्रीकृष्ण का हृदय है। भागवत कथा का अंतिम दिवस गीता ज्ञान के साथ हवन यज्ञ, कपिला तर्पण, सहस्त्र धारा, प्रसाद वितरण भंडारा के साथ संपन्न हुआ।

## पेज 9 के शेष

### डॉ. अंबेडकर ने संविधान...

कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल एवं गोल्डी मारईया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, जिला महामंत्री जितेंद्र नवरत्न, लंकेश साहू, अविनाश मिश्रा, अभिषेक पटेल, आयुष भातपहरी, नीरज बांधे, रविन्द्र नामदेव, पार्षद सुरेश धृतलहरे, शेखर गुप्ता, संतोष तिवारी, तिलक कन्नौज, देवेंद्र बंजारे, यशवंत वर्मा, चितेश्वर साहू, छल्ला साहू, भेनू प्रसाद साहू, प्रेमलता बंजारे, पद्मेश्वरी साहू, कलेंदी वर्मा, अरुण कन्नौज, लक्ष्मी नारायण टंडन, सुखदेव साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### डॉ. अंबेडकर का ...

आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों पर चलकर समाज में समानता, भाईचारा और न्याय की स्थापना करें। हमें जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण करना है। इसके पूर्व उपस्थित कांग्रेसजनों ने संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर अम्बेडकर चौक गुरुनानक वार्ड भाटापारा में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर जय भीम जय संविधान के जयघोष के साथ डॉ. अम्बेडकर को याद किया। इस दौरान विधायक इंद्र साव के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, ईश्वर सिंह ठाकुर, सतीश अग्रवाल, गणेश ध्रुव, आलोक मिश्रा, चन्द्रशेखर चक्रधारी, संतोष दाऊ सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### नपा की कार्रवाई...

सख्ती दिखाएगा या फिर कार्रवाई का यह असंतुलित रवैया आगे भी जारी रहेगा। नगरवासियों की निगाहें अब प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा...

बुझाने के प्रयास में लगभग 66 अग्निशमन जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा एक सप्ताह तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर लोगों को आग से बचाव के प्रति सचेत किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दमकल कर्मियों का शाल एवं गुलाब फूल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान-माल की रक्षा करते हैं, ऐसे वीरों का सम्मान करना गर्व की बात है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा दमकल विभाग के जवान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आप ने किया डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण

**महासमुंद।** संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर आम आदमी पार्टी द्वारा शहर के अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आप कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। उपस्थितजनों को उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय यादव, महिला विंग जिलाध्यक्ष मेघा चन्द्राकर, जिला मीडिया प्रभारी अज़ीम खान, राजेश तिवारी, दिलीप साहू आदि मौजूद रहे।

### अंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण कर किया नमन

**सरायपाली।** डॉ.आंबेडकर ने अपने अद्वितीय ज्ञान, संघर्ष और समर्पण से एक ऐसे भारत का निर्माण किया। जहाँ समानता, न्याय और स्वतंत्रता प्रत्येक नागरिक का अधिकार बने। वे न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि सामाजिक समरसता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रतीक भी थे। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि शिक्षा और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी अन्याय का सामना किया जा सकता है। इस अवसर पर हम उनके आदर्शों को अपनाने और एक समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लें। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो इसी संदेश के साथ बाबा साहेब को विनम्र श्रद्धांजलि करते हैं। पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### युवाओं ने लिया अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

**महासमुंद।** भारतीय संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आदिवासी युवा प्रभाग द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभाग के सदस्यों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को स्मरण किया। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरुकता फैलाने तथा डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में श्रद्धा ध्रुव (जिलाध्यक्ष), पंकज सोरी (संरक्षक), शशिकांत छेदैहा (मीडिया प्रभारी), सावित्री नेताम, राजप्रताप मांडवी (सचिव), तरुण नेताम, खिलेश कंडरा, कोमल ध्रुव, दिशा ध्रुव, सरिता नेताम, मिथलेश कंडरा, छोटू नेताम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने मनाई अंबेडकर की जयंती

**महासमुंद।** भारतीय संविधान निर्माता व भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयन्ती नगर पालिका कार्यालय उपाध्यक्ष कक्ष में मनाई गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने डा.भीमराव अम्बेडकर को भारतीय संविधान का जनक बताते हुए कहा कि उनके संविधान में समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देश की प्रत्येक नागरिक को प्राप्त है। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चन्द्राकर ने डा.अम्बेडकर के आदर्शो पर चलने प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, जनपद अध्यक्ष बागबाहरा हितेश चन्द्राकर, भाजपा नेता हनीश बग्गा आदि उपस्थित रहे।

## हायर सेकंडरी स्कूल दानसरा में शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

# नवीन पाठ्यपुस्तकें और 21वीं सदी के कौशल से लैस होंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



सारंगढ़-बिलाईगढ़ एफएलएन सह नवीन पाठक पुस्तक का सेवाकालीन प्रशिक्षण हायर सेकंडरी स्कूल दानसरा में 6 से 10 अप्रैल तक संचालित हुआ। पिछले सत्र में कक्षा तीसरी तक के पुस्तकों में बदलाव था, जो वर्तमान में कक्षा चौथी तक हो गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य 2026-27 में समझ के साथ सीखने के लक्ष्य प्राप्ति वर्ष है। एफएल एन के लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ 21वीं सदी के कौशल को नवीन पाठयपुस्तक के सहयोग से बच्चों में लाना है। यह नवीन पाठ्य पुस्तक न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अनुसार एनसीईआरटी, एससीईआरटी के सहयोग से बना है। जिसमें बच्चों की सोच रचनात्मक समूह में सीखने के साथ-साथ एक अच्छे चरित्र वाले नागरिक बन सके इस पर जोर दिया गया है। हिंदी, ग़णित व अंग्रेजी विषय में मौखिक भाषा विकास से लेकर लेखन तक की चारखंडी मॉडल से पाठ योजना निर्माण के साथ-साथ थीम आधारित पाठ सचित्र गतिविधि आधारित अभ्यास व अभ्यास पुस्तिका की शिक्षक संदर्शिका से सीखना मनोरंजन के साथ उद्देश्य पूर्ण स्थाई करने पर बल दिया गया है। गणित विषय पर बच्चे मौखिक गणित बातचीत गणित, कौशल सीखने व अभ्यास के साथ-साथ खेल-खेल में गणित सीखने के मॉडल का उपयोग करेंगे। नवीन पाठ्य पुस्तक बदलाव में योग और कला को भी स्थान दिया गया, ताकि बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सांस्कृतिक व सभ्यता का भी विकास हो, जिससे बच्चों में कला की सुंदरता, व्यवसाय सृजन से रूप में परिचित होकर कला को अपनी व्यवसाय में शामिल कर सके वह अपने प्राचीन काल से रूबरू होकर इसके संरक्षण में अपना योगदान दे सके। बच्चों को सिखाने के बजाय सीखने के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की तीन विकास खंड बिलाईगढ़ बरमकेला सारंगढ़ के स्त्रोत व्यक्तियों बीआरजी को जिला स्त्रोत व्यक्तियों द्वारा डीआरजी द्वारा प्रशिक्षित किया गया जो पूर्णतह गतिविधि आधारित था। विकासखंड स्त्रोत व्यक्ति अपने अपने विकासखंड में जोन स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे जिससे जिले की हर विकासखंड के प्रत्येक शालाओं तक प्रभावी रूप से पहुंच सके, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और बच्चे में 21वीं सदी के कौशलों को प्राप्त कर एफएलएन में दक्ष हो सके। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए डाइट धरमजयगढ़ प्राचार्य अनिल पैकरा, प्रशिक्षण के प्रकोष्ठ प्रभारी अनिलगबेल कपिल और डाइट से जिला प्रभारी बृजेश द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोसले, बीआरसी सत्येंद्र कुमार बसंत ने प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया। वह अपने आप को समय अनुरूप अपडेट करने को कहा। इस प्रशिक्षण को हमारे जिला के अनुभवी डी आर जी एवं जिला प्रभारी गौरी शंकर कर्ष, कुशल कुमार मिरी, सेत कुमार साहू, बुधनी अजय मैम, सुखमति चौहान, देवकी चौहान, नैना साहनी सभी ने प्रशिक्षण को बहुत ही प्रभावी ढंग से दिया और हर विषय की गहराई को समझाया।

# नगर विकास के लिए मिली 309.62 लाख की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा।

नगर पालिका परिषद भाटापारा के चहुंमुखी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों के लिए 309.62 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



यह उपलब्धि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के सतत प्रयासों का परिणाम है, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ा है।

शहर की बढ़ती जनसंख्या और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 7.50 लाख लीटर क्षमता वाली आर.सी.सी. पानी टंकी का निर्माण किया जाएगा। नगर के सभी 31 वार्डों में मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों (जी.बी.पी. पॉइंट्स) का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता और स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। शहर में पर्यटन एवं नागरिकों के मनोरंजन को बढ़ावा देने हेतु आकर्षक 'वेस्ट टू वंडर पार्क' विकसित किया जाएगा, जिसमें अनुपयोगी सामग्री से कलात्मक संरचनाएं तैयार की जाएंगी। शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु ट्रोमेल स्क्रीनिंग मशीन स्थापित की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगर के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेयजल, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े ये कार्य न केवल शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करेंगे, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे। इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, संसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक शाला घाना में पढ़ाई मेला का आयोजन



**भटगांव।** अंगना में शिक्षा एवं पढ़ई तिहार का आयोजन संकुल केंद्र सलौनीकला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला घाना में किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू एवं खंड स्त्रोत समन्वयक नेताम के निर्देशन में संकुल प्राचार्य कुमार चौहान तथा संकुल समन्वयक शशि भूषण कुमार चंद्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान माताएं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए खुद तैयार हुई और संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक और व्यक्तिगत विकास पर फोकस करते हुए विभिन्न काउंटर के माध्यम से ननिहालों को उन माता के माध्यम से ही विभिन्न रुचिकर एक्टिविटी करवाई गई। शिक्षिका हेमलता साहू ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षा, पालक और बालक के समन्वित प्रयास से ही संभव होता है, इसलिए घर पर भी बच्चों को सीखने के अनुरूप वातावरण होना आवश्यक है। विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली सोनी कुर्रे, सुकृता कुर्रे, को क्राउन पहना कर अभिनंदन पत्र प्रदान कर स्मार्ट माता के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के प्रधान पाठक राजेश कुमार देवांगन के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में राजेश देवांगन, हेमलता साहू, राजेश्वरी टंडन, नीरू कुर्रे, सुकृता कुर्रे, सुकवारा बाई मानिकपुरी, नेहा टंडन, दीनू यादव, तिहारिन बाई, रविता बाई टंडन, सोनी कुर्रे, अगिन कोमल, साधमती बाई, नीराबाई साहू, अनामिका साहू, गरिमा साहू, नीतू साहू लालिमा साहू, लवली साहू, पूर्वी टंडन, दृष्टि टंडन, पायल टंडन, सोनिया टंडन, टिकेश्वर दास, दीपक कुमार, मुकुंज कुर्रे, टूकेश कुर्रे, सुनीता कुर्रे आदि शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# क्षेत्र के विकास से बौखलाए कांग्रेसी, मंत्री पर लगा रहे बेबुनियाद आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद।

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में हो रहे तेज विकास कार्यों को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार एवं नवापारा मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल ने कांग्रेसियों द्वारा मंत्री कार्यालय घेराव को ढकोसला और औचित्यहीन करार दिया है। जारी बयान में दोनों मंडल अध्यक्षों ने कहा कि टंकराम वर्मा के मंत्री बनने के बाद पिछले दो वर्षों में बलौदाबाजार विधानसभा में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में पहले कभी इस स्तर का विकास नहीं हुआ।



भाजपा नेताओं के अनुसार क्षेत्र में इंडोर स्टेडियम, एथलेटिक ट्रैक, बायपास सड़क जैसे बड़े कार्यों के साथ ही बलौदाबाजार को जिला मुख्यालय के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। सुहेला क्षेत्र में वर्षों से जर्जर सड़कों पड़कीडीह-हिरमी मार्ग, नवापारा-सकरी-सतभंवा मार्ग और सुहेला-हिरमी मार्ग पर तेजी से काम चल रहा है। साथ ही आमकोनी-पड़कीडीह के बीच पुल निर्माण भी प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि तिल्दा में इंडोर स्टेडियम निर्माण और नगर पालिका के विकास कार्यों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक विकास हुआ है और लगभग हर ग्राम पंचायत में 40 लाख से अधिक के निर्माण कार्य किए गए हैं। सभी हाई स्कूलों में प्रार्थना शेड का निर्माण भी कराया गया है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों से घबराकर कांग्रेसी अनर्गल आरोप लगाकर दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आरोप लगाने से पहले अपने पांच वर्षों के कार्यकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए।

# गांव की सरकार ने पंचायत परिसर में मनाई बाबा साहब की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती सोमवार को कोसीर ग्राम पंचायत परिसर में गांव की सरकार द्वारा पूरे सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत भवन से लेकर गांव के हृदय स्थल तक बाबा साहब को याद किया गया।

सर्वप्रथम ग्राम पंचायत भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच सुमन राव, उप सरपंच लता बनज, अधिवक्ता पोलेश्वर बनज, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र राव, संदीप बनज, श्याम कुमार पटेल,शिव कुमार कुर्रे ,लालिमा पटेल, गुरबारू, अजय खूंटे, नीलम आदित्य, बलि राम सुमन, गणेश आजाद, ग्राम सचिव शोभा सिंदर पंचगण एवं पंच प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाबा साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर अगरबत्ती प्रज्वलित किया गया।



इसके बाद पंचायत परिसर में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में बाबा साहब के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। सरपंच सुमन राव ने कहा, बाबा साहब ने हमें समानता और न्याय का अधिकार दिया है। पंचायत स्तर पर हमारा कर्तव्य है कि उनके सपनों के अनुरूप गांव का विकास करें और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

उप सरपंच लता बनज ने कहा कि बाबा साहब का 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा, तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

ग्रामसभा के समापन बाद गांव की सरकार और उनके प्रतिनिधि कोसीर गांव के हृदय स्थल पहुंचे, जहां स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर सभी ने पुष्प माला पहनाकर उन्हें नमन किया। अधिवक्ता पोलेश्वर बनज ने इस दौरान कहा कि संविधान ने पंचायतों को जो अधिकार दिए हैं, उसके पीछे बाबा साहब की दूरदर्शिता है। गांव की सरकार को संवैधानिक मूल्यों के साथ काम करना चाहिए। सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र राव ने युवाओं से अपील की कि वे बाबा साहब के विचारों को पढ़ें और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में सहयोग दें। कार्यक्रम में पंचगणों ने भी अपने विचार रखे और संकल्प लिया कि पंचायत को भेदभाव मुक्त और विकासशील बनाया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत के सदस्य व ग्रामीण, युवा उपस्थित रहे। अंत में पंचायत भवन प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान गांव में सामाजिक समरसता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# नव पदस्थ थाना प्रभारी से मीडिया ने की मुलाकात

**भवानीपुर/ पलारी।** नव पदस्थ थाना प्रभारी गिधपुरी उनेश देशमुख से मीडिया ने मुलाकात की। इस दौरान मीडिया ने थाना क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की। कहा कि हमारा थाना क्षेत्र हमेशा से शांतिपूर्ण रहा है और आगे भी इसी प्रकार शांति एवं सौहार्द बना रहे, इसके लिए पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। साथ ही क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार, जुआ-सट्टा जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की गई। थाना प्रभारी उनेश देशमुख ने मीडिया की बातों को गंभीरता से सुना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



# हिरमी सोसायटी ने समिति प्रबंधक को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

भटभेरा शाखा अंतर्गत ग्राम हिरमी स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी समिति में कार्यरत समिति प्रबंधक सुखदेव प्रसाद वर्मा के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति परिसर में सम्मान, अपनत्व और कृतज्ञता का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने श्री वर्मा के लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। ग्राम भालेसुर से आए नन्हें-मुन्नें कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सरस्वती वंदना एवं अन्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। समारोह में सुकदेव प्रसाद वर्मा ने अपने कार्यकाल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। उन्होंने समिति के विकास के साथ-साथ किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण पहलें कीं, जिससे क्षेत्र के कृषकों को लाभ मिला। उनका सरल व्यवहार, कार्यकुशलता एवं मिलनसार व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। वक्ताओं ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री वर्मा को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बी.एल. नवरतन, ए.के. वर्मा, शंकर लाल वर्मा, रमेश वर्मा, विक्रम साहू, यशवंत जायसवाल, दीनबंधु यादव, गजेंद्र जायसवाल, पीताबर वर्मा, शिवदास मानिकपुरी, छत्रधारी वर्मा, सनत सेठ, भानु वर्मा, खुबीराम नेताम, देवदत वर्मा, दानी यदु, राजू साहू आदि मौजूद थे।



# महतारी वंदन योजना बनी गायत्री साहू के लिए संबल, हौसले के पंख से भरी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जीवन की राह में जब दुखों का पहाड़ टूटता है, तो अक्सर उम्मीदें दम तोड़ने लगती हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की हजारों महिलाओं के लिए अंधेरे में दीये की तरह साबित हो रही है। अमेरा की गायत्री साहू के लिये भी योजना के तहत मिलने वाली राशि सहारा बन गई।

गायत्री साहू के पति के आकस्मिक देहांत के बाद दुखों का सैलाब आ गया था। सिर से मुखिया का साया उठने के बाद परिवार के भरण-पोषण की चिंता गायत्री को दिन-रात सताने लगी थी, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू हुई महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। प्रतिमाह बैंक खाते में आने वाली एक हजार रुपए की सम्मान राशि गायत्री के लिए केवल पैसा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी बन गई। अपनी इसी छोटी-सी बचत और अटूट हौसले से गायत्री ने गांव में ही एक छोटी सी फैंसी दुकान शुरू की है। आज उसी दुकान की आमदनी और सरकार से मिलने वाली निरंतर सहायता के बल पर वे न केवल अपने परिवार का सम्मानपूर्वक संचालन कर रही हैं, बल्कि समाज में एक नई मिसाल भी पेश कर रही हैं। गायत्री साहू भावुक होकर कहती हैं कि जब उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब महतारी वंदन योजना एक सच्चे सहारे के रूप में उनके पास आई। उन्होंने इस मानवीय पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक तंगी की बेड़ियों से मुक्त कर अपने पैरों पर खड़ा होने का साहस दिया है। गायत्री की यह मुस्कान आज प्रदेश की सशक्त होती नारी शक्ति का प्रतीक बन चुकी है।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नये बीआर सीसी व समन्वयक का सम्मान



**खरोरा।** प्राथमिक शाला नायक टांड़ एवं पीएम नवीन प्राथमिक शाला खरोरा के संयुक्त तत्वावधान में बीआरसी सी बने देवेंद्र सिंह ठाकुर एवं नव नियुक्त समन्वयक रामकरण वर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों को नए पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी गई। देवेंद्र सिंह ठाकुर ने शिक्षकों से कर्तव्यनिष्ठ होकर समय का पालन करते हुए कार्य करने का आह्वान किया। वहीं रामकरण वर्मा ने अनुशासन के साथ विद्यालय संचालन पर जोर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का शाल, श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया तथा पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पीएम श्री नवीन शाला खरोरा के प्रधान पाठक इंद्राणी वर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला नायक टांड़ के प्रधान पाठक लक्ष्मण वर्मा, संगीता वर्मा, संतोषी ठाकुर, नारायण देवांगन, रामेश्वर ध्रुव, प्रहलाद वर्मा, वरुण साहू सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

### सीमेंट संयंत्र में मनाया गया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस



**हिरमी रावन।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, हिरमी सीमेंट वर्क्स में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवसपर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन अग्निशमन अधिकारी रवि भूषण सिंह एवं सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) बिसन दास सोनवानी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर संयंत्र के यूनिट हेड सहित प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अग्नि सेवा से जुड़े कर्मियों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को सम्मान देना तथा कर्मचारियों में आपातकालीन स्थितियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई और कर्मचारियों को आपात परिस्थितियों में सतर्क एवं सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। यूनिट हेड ने अपने संबोधन में कहा कि, अग्नि सेवा से जुड़े कर्मियों का योगदान अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजन हमें हमारी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं। उन्होंने संयंत्र की फायर टीम की तत्परता एवं कार्यशैली की सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा अनुशासनपूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

### पशुपालन-रोजगार देने के निर्णय पर सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** नहर पारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर बस्तर के आदिवासियों को जो लंबे समय से हिंसा का शिकार रहे तथा रोज़गार से वंचित रहे, हर बीपीएल परिवार को दो-दो गाय देने की घोषणा एवं उनके रोजगार के लिए मछलीपालन व पशुपालन के नए रोजगार खोलने के मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

जयंती : परसाडीह में अंबेडकर जयंती पर बौद्धिक कार्यक्रम

# संविधान निर्माण में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम परसाडीह स्थित उत्तम निवास में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भव्य बौद्धिक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कवियों, गायकों एवं वक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष, उनके महान व्यक्तित्व तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और समानता, भाईचारा, बंधुता, एकता, अखंडता एवं न्यायपूर्ण समाज की नींव रखी। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को प्रस्तुत किया, वहीं गायकों ने गीतों के जरिए वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में शिक्षा, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन बाबा साहब के जयघोष एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## अंबेडकर जयंती पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने निकाली बाइक रैली





**भटगांव।** भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन, जिला इकाई सारंगढ़-बिलाईगढ़ के तत्वावधान में जिला स्तरीय बाइक रैली एवं संदेश यात्रा का आयोजन किया गया।

यह बाइक रैली कोसीर से प्रारंभ होकर सरसींवा होते हुए भटगांव पहुंची। इसके पश्चात भटगांव नगर पंचायत में नगर भ्रमण किया गया तथा बिर्रा मोड़ के पास स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह आजाद रहे, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समानता, शिक्षा तथा संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे ने किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर जिले भर से आए भीम आर्मी के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में सैकड़ों की भीड़ उपस्थित रही और सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंत में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## रानीगढ़ में मनी बाबा साहेब की जयंती



**बिलाईगढ़।** समीपस्थ ग्राम पंचायत छुईहा के रानीगढ़ बस्ती में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बिलाईगढ़ एवं जिला महामंत्री रामनारायण देवांगन थे। वहीं विशिष्ट अतिथि संतोष साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच धनीराम बंजारे ने की। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार जांगड़े ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब अमर रहे और जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा जैसे जोशीले नारों के साथ पूरे वातावरण को गूंजायमान कर दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, सामाजिक समरसता के लिए उनके योगदान तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर ने समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और समानता, शिक्षा एवं अधिकारों की राह दिखाई। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश दिया।



## भालेसूर में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**हिरमी रावन।** ग्राम भालेसूर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा डॉ. अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक भी थे। उन्होंने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर वर्तमान सरपंच नवीन कुमार वर्मा, पूर्व सरपंच संतन दास बांधे, सचिव चंद्र कुमार वर्मा एवं टकेश्वर वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बारी-बारी से अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के आदर्शों को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने सामाजिक समरसता, भाईचारा और समानता के महत्व पर भी चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि हमें जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होकर समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। समापन अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, सम्मान और एकता की भावना से ओतप्रोत रहा।

## खिलोरा में अंबेडकर जयंती पर ग्रामसभा का आयोजन



**सिमगा।** जनपद पंचायत सिमगा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खिलोरा में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर 'अनिवार्य ग्रामसभा' का आयोजन किया गया। सभा की शुरुआत बाबा साहेब के तैलचित्र पर गुलाल और दीप प्रज्वलित के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने और ग्राम विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। ग्रामसभा में सरपंच अनिता कुंभकरण साहू, भागवत प्रसाद साहू उपसरपंच, कमल किशोर साहू सचिव, फगनी साहू रोजगार सहायक, टीकाराम साहू समाज सेवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। सभा में ग्राम विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई और उनकी समस्याओं को सुना गया। सभा में महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ग्राम की आर्थिक व सामाजिक उन्नति पर अपने विचार साझा किए। सचिव कमल किशोर साहू ने शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों को पढ़कर सुनाया और आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही साथ पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के सही देखरेख और परवरिश करने के लिए संकल्प दिलाया। अंबेडकर जयंती के विशेष अवसर पर आयोजित इस ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। ग्राम पंचायत प्रशासन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और बाबा साहेब के समानता के संदेश को आत्मसात करते हुए गांव को आदर्श ग्राम बनाने की बात कही।

### पीएमश्री स्कूल में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती




**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य रजनी मिंज ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं उनके द्वारा प्रदत्त संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति सजग रहते हुए समाज में समानता एवं न्याय के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों द्वारा बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, जगदेव सिंह बंजारे, अमर बर्मन एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## कलेक्टर परिसर में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**बलौदाबाजार।** संविधान निर्माता भारत रत्न, डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती जिले में मनाई गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अधिकारियों ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर महात्मा गांधी, छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद वीर नारायण सिंह क्री प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन को अम्बेडकर जयंती के रूप में जाना जाता है।जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले डॉ.अम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर ए.आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, एसडीएम प्रकाश कोरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी -कर्मचारी उपस्थि थे।

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे बाबा साहेब अंबेडकर



**लवन।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती नवोदय विद्यालय में गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं द्वारा भारत रत्न तथा संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पूजा अर्चना से की। छात्रों ने सम्बोधन में बताया कि आम्बेडकर ने समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के महत्व को सर्वोपरि माना। उन्होंने कहा कि आम्बेडकर जी का मानना था कि "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था।

शिक्षक वक्ता प्रमोद कुमार पी जी टी हिंदी एवं कृष्णा सूजी पी जी टी अर्थशास्त्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आम्बेडकर जी ने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष कर समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया। इसके साथ ही बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके पास उस समय में 36 डिग्रीयों के साथ 4 डॉक्टरेट की उपाधियां थी और वे 9 भाषाओं के जानकार थे। कार्यक्रम में प्राचार्य डीके ठाकुर ने विद्यार्थियों से कहा कि अम्बेडकर जी का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। शिक्षा को अपना सर्वोच्च लक्ष्य बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें।

कार्यक्रम को राजेंद्र सिका ने भी संबोधित किया। वरिष्ठ अध्यापिका मंदोदरी सेठ ने आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, प्रशांत गायकवाड, ज्ञानप्रकाश, अर्चना, रानी राठौर, विशाखा डांगे, स्मिता रानी, राघवेंद्र सोनार, पूनम साहू, शैल श्रीवास, जलेश्वर, सरजू, राहुल राय के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

भक्त माता कर्मा जयंती और प्रतिभावान सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

# सामूहिक आदर्श विवाह की आधारशिला साहू समाज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्र साव, विधायक भाटापारा थे। वहीं जिला साहू संघ बलौदाबाजार भाटापारा के अध्यक्ष सुनील साहू ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अति विशिष्ट अतिथि चैतराम साहू पूर्व विधायक, रेवाराम साहू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य न्याय प्रकोष्ठ, दीनदयाल साहू पूर्व उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ, संध्या साहू उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ, सुशील साहू, अनूपा साहू द्वय संगठन सचिव जिला साहू संघ थे। विशेष अतिथिगण - सुकृत साहू अधिवक्ता एवं घनाराम साहू द्वय संरक्षक नगर साहू समाज, चारों परिक्षेत्रों के अध्यक्षगण - दयालु राम साहू, रामसागर साहू, भरत साहू और कोमल साहू थे।



प्रातः 11 बजे कर्मा माता की आरती के उपरांत शोभा यात्रा एवं भव्य बाइक रैली प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में साहू बंधु झांकी के साथ निकले। नगर के अलग-अलग स्थानों में मां कर्मा के रथ का स्वागत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने किया, जिसमें मारवाड़ी युवा मंच, प्रगतिशील सतनामी समाज, लाला धनेश साहू सब्जी किंग, भीम रेजिमेंट भाटापारा मुख्य थे। पटपर साहू समाज भवन में महाआरती हुई, उसके पश्चात प्रमुख चौक चौराहों से गुजरते हुए वापस साहू छात्रावास प्रांगण में समाप्त हुई। मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने कहा कि साहू समाज की पहचान हजारों वर्ष पुरानी गौरवशाली इतिहास है। समाज की सबसे बड़ी विरासत श्रम है। ईमानदारी से किये गये परिश्रम से ही हमें सफलता मिलती है। इस बात को हमेशा ध्यान में रखने की आवश्यकता है। सर्व प्रथम सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन करना समाज की बड़ी पहचान बनी है। उन्होंने युवाओं एवं मातृशक्तियों को समाज हित में आगे आने आह्वान किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील साहू ने समाज से अपील करते हुये कहा कि समाज के हर व्यक्ति को हमें साथ लेकर चलना है, रेवाराम साहू ने कहा कि अनुशासित और संगठित समाज ही उन्नति कर सकता है। सुकृत साहू अधिवक्ता ने भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। इस कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने प्रसादी का आनंद भी लिया। नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने अध्यक्षकीय उदबोधन दिया एवं मंच संचालन अमृत साहू अमृतांशु ने किया। इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर साहू समाज के सचिव जीत नारायण साव ने किया। इस अवसर पर राजेश साहू अध्यक्ष, जीत नारायण साव सचिव, डॉ. हरिकिशन साहू कोषाध्यक्ष, नीरादेवी साहू, मनहरण साहू द्वय उपाध्यक्ष, तिलक साहू, प्रमिला साहू, द्वय संगठन सचिव प्रमिला साहू संगठन सचिव, युवा प्रकोष्ठ पीतांबर साहू, प्रेम साहू सहित सैकड़ों सामाजिकजनों ने योगदान दिया।




